सुविचार



जिंदगी के लक्ष्य को प्राप्त करते समय सिर्फ दो सोच रखनी चाहिए, अगर रास्ता मिल गया तो ठीक, नहीं तो रास्ता मैं खुद बना लूंगा।
- अमिताभ बच्चन


# अमृत विचार

बरेली महानगर

www.amritvichar.com

बरेली, गुरुवार, 23 अप्रैल 2026


## बरेली के प्रमुख समाचार


- छुट्टी पर आए फौजी ने की थी प्रेम सम्बंधों में बाधक पत्नी की हत्या-II
- रैली निकाल जगाई पर्यावरण संरक्षण की अलख- III
- पहलगाम हमले के शहीदों को कैंडल मार्च निकालकर दी गई श्रद्धांजलि-IV


## सिटी ब्रीफ

### यूपी बोर्ड का रिजल्ट आज शाम होगा जारी

**बरेली, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड 2026 हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम गुरुवार को शाम 4 बजे जारी किया जाएगा। बरेली जिले से 92,135 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। रिजल्ट upmsp.edu.in और upresults.nic.in पर देखा जा सकेगा। छात्र-छात्राएं रोल नंबर डालकर मार्कशीट डाउनलोड कर सकेंगे।

### बीए, बीएससी प्रथम सेमेस्टर का रिजल्ट जारी

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विवि ने बीए, बीएससी प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम बुधवार को जारी कर दिया। वेबसाइट https://mjpru.samarth.edu.in/index.php/site/login पर लॉग इन करके विद्यार्थी इनरोलमेंट नंबर व पासवर्ड डालकर परीक्षा परिणाम देख सकते हैं।

## शहर में आज

- नागरिक सुरक्षा अलखनाथ डिवीजन द्वारा सीपीआर प्रशिक्षण रानी लक्ष्मीबाई विद्यालय हार्टमैंट में सुबह 8:30 बजे
- सपा कार्यालय पर नवनियुक्त अध्यक्ष शुभलेश यादव का स्वागत सुबह 11 बजे
- नोएडा में मजदूरों पर अत्याचार के विरोध में सीपीआईएम द्वारा कलेक्ट्रेट पर जिलाधिकारी को ज्ञापन दोपहर 12 बजे

# शुभलेश के हाथ फिर आई सपा की कमान सुप्रीमो अखिलेश ने बनाया बरेली कप्तान

## हाईकमान ने यादव बिग्रेड के हवाले की जिलाध्यक्ष की कुर्सी, ऐलान से दूसरे दावेदार मायूस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नेताजी मुलायम सिंह यादव के समय से समाजवादी झंडा उठा रहे शुभलेश यादव को फिर बरेली सपा की कमान सौंपी गई है। शुभलेश पूर्व में भी 2017 से 2019 के बीच जिलाध्यक्ष की कुर्सी संभाल चुके हैं और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के भरोसेमंद चेहरों में शुमार होते हैं। उनकी ताजपोशी कर हाईकमान ने अनुभव और जोश का संयुक्त दांव चला है।

शिवचरण कश्यप को जिलाध्यक्ष पद से हटाए जाने के बाद सपा कैंप में कई तरह की कयासबाजी और चर्चाओं के दौर चल रहे थे। हालांकि, सपा सुप्रीमो ने पुराने विश्वस्त शुभलेश यादव के नाम पर मुहर लगाकर समाजवादियों को संघर्ष और सेवा का संदेश दिया है। यादवी राजनीति में वह दूसरा ऐसा चेहरा हैं, जिन्हें जिलाध्यक्ष की कुर्सी दूसरी बार मिली है। सबसे लंबा तीन दशक सपा जिलाध्यक्ष रहने का रिकार्ड पूर्व राज्यसभा सदस्य वीरपाल सिंह यादव के नाम है।

नए अध्यक्ष शुभलेश संगठन में कई पद संभाल चुके हैं। मौजूदा वक्त में भी वह प्रदेश सचिव थे। उनकी नियुक्ति को विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों से जोड़कर देखा जा रहा है। 2022 में सपा बरेली की 9 में सिर्फ 2 सीट जीत पाई थी। इसमें भी भाजपा कैंप में बड़ी फूट के बाद बहेड़ी से सपा प्रत्याशी की जीत का अंतर बहुत मामूली था तो भोजीपुरा में भाजपा कैंप में बगावत का फायदा सपा को में जीत के रूप में मिला था। बाकी जगहों पर हार की कसक सपा कैंप में अब तक देखी जाती है। माना जा रहा है कि यादवी बिग्रेड के हाथ कुर्सी देकर नेतृत्व अब टिकटों में 'नॉन यादव फार्मूला' चला सकता है! शुभलेश को बधाइयां देने वालों का तांता लगा है। अगम मौर्या, प्रमोद बिष्ट, संजीव यादव, अरविंद यादव, योगेश यादव, प्रदीप मौर्या, संजीव सक्सेना, हैदर अली, सुरेंद्र सोनकर, अशोक यादव समेत तमाम सपाइयों ने उन्हें बधाई दी। पूर्व प्रवक्ता योगेश यादव ने कहा कि हाईकमान के फैसले का सभी स्वागत कर रहे हैं और नए अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी मजबूत करने का काम करेंगे।



अखिलेश यादव के साथ शुभलेश यादव का पुराना फोटो। • अमृत विचार



सपा जिलाध्यक्ष बनने पर शुभलेश यादव को बधाई देते पार्टी नेता। • अमृत विचार

- **प्रदेश अध्यक्ष ने किया शुभलेश की ताजपोशी का ऐलान**
- **तीन महीने बाद हाईकमान ने खत्म किया सस्पेंस**



हम समाजवादी पार्टी के पुराने वफादार सिपाही हैं। जिला संगठन से गुटबाजी खत्म कर सभी को एक सूत्र में पिरोने का काम करेंगे। 2027 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में यूपी के अंदर फिर सपा सरकार बनाने का है। हर छोटे-बड़े कार्यकर्ता को साथ लेकर अभी से मैदान में उतरेंगे। **-शुभलेश यादव,** जिलाध्यक्ष

### संगठन के रथ से चुनावी चक्रव्यूह भेदने की चुनौती

राजनीति से अलग शुभलेश यादव की पहचान प्रकृति प्रेमी की भी है। उनकी अनूठी बगिया में एक से बढ़कर एक दुर्लभ पौधों का संसार बसता है। चंदन वृक्ष तक महकते हैं। वह शाजहांपुर हाईवे से सटे परातासपुर गांव के रहने वाले हैं और उच्चशिक्षित परिवार से ताल्लुक रखते हैं। चुनावी राजनीति में परिवार लगातार सक्रिय रहा है। मां माहेश्वरी देवी जिला पंचायत सदस्य रही हैं और अभी भाई की पत्नी शिल्पी यादव जिला पंचायत मेंबर हैं। ओबीसी राजनीति से आने वाले शुभलेश यादव बिथरी और आंवला विधानसभा से टिकट के दावेदार माने जाते रहे हैं, लेकिन पार्टी ने उन्हें फिर से संगठन के रथ की बागडोर थमाकर चुनावी चक्रव्यूह भेदने की जिम्मेदारी सौंपी है।

# चौड़ीकरण का नया प्लान पहले पैमाइश फिर निशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **सीएम ग्रिड योजना पर विभागों के बीच घंटों चला मंथन, बनाई गई नई रणनीति**
- **बीडीए अफसर बोले-हमने ही जीआरएम के पास विकसित की थी कॉलोनी**

**अमृत विचार :** कोहाड़ापीर-नैनीताल रोड स्थित बीडीए कॉलोनी पर लगे लाल निशानों को लेकर बुधवार को नगर निगम में अपर नगर आयुक्त शशिभूषण राय की अगुवाई में प्रशासन, बीडीए और राजस्व विभाग की बैठक हुई। एजेंडा उन निशानों की हकीकत जानना और डरे हुए लोगों के भ्रम को दूर करना था। करीब दो घंटे की बैठक के बाद पैमाइश दोबारा से करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में बीडीए संयुक्त सचिव दीपक कुमार ने पक्ष साफ किया। उन्होंने दावा किया कि बीडीए ने कानूनी प्रक्रिया के तहत भूमि अधिग्रहित करके कॉलोनी बसाई थी और इसके नक्शे भी नियम के अनुसार पास किए गए थे। हालांकि, नगर निगम और तहसील के पुराने रिकॉर्ड्स के साथ जब बीडीए के नक्शों का मिलान किया गया, तो कुछ तकनीकी पेच फंसे दिखे। निर्णय हुआ कि संयुक्त टीम दोबारा मुआयना करेगी। एक-दो दिन में पैमाइश शुरू कर दी जाएगी। फिर स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर स्थिति स्पष्ट की जाएगी। अपर नगर आयुक्त ने बताया कि संयुक्त टीम मौके पर जाकर वास्तविकता की जांच करेगी। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट राजेश वर्मा, बीडीए के संयुक्त सचिव दीपक कुमार, नगर निगम के मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी, अधिशासी अभियंता राजीव कुमार राठी, सहायक अभियंता मुकेश शाक्य, नायब तहसीलदार विदित कुमार आदि मौजूद रहे।

### 386 अतिक्रमण चिह्नित कर जारी किए गए नोटिस

नगर निगम ने कोहाड़ापीर से कुदेशिया फाटक तक 386 अतिक्रमण चिह्नित कर नोटिस जारी किए। कई लोगों ने भवन का नक्शा बीडीए से स्वीकृत होने और अतिक्रमण की श्रेणी में आने पर सवाल उठाया था। शिकायतों के बाद अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय ने बीडीए सचिव वंदिता श्रीवास्तव को पत्र लिखा था कि कोहाड़ापीर में सीएम ग्रिड परियोजना के तहत चिह्नित अतिक्रमण को कई लोगों की ओर से बीडीए से स्वीकृति बताया जा रहा है। आरोप था कि निगम 1920 के पुराने नक्शे को आधार बनाकर कार्रवाई कर रहा है। मामले को लेकर कुछ लोग हाईकोर्ट की शरण में भी पहुंचे जहां से उनको फौरी राहत मिली है।

# नाला निर्माण में धांधली, ठेकेदार पर ठोंका गया 2 लाख का जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **वार्ड 24 का मामला, लापरवाही बरतने वाले एई और जेई भी लपेटे में आए**
- **नगर आयुक्त ने घटिया तरीके से बनाए जा रहे नाले पर चलवाया बुलडोजर**

**अमृत विचार :** नगर निगम ने विकास कार्यों में लापरवाही और भ्रष्टाचार के विरुद्ध ''जीरो टॉलरेंस'' की नीति अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। वार्ड-29 में साईं धर्मकांटे से लेकर जगदीप चिकारा के मकान तक बन रहे नाले के निर्माण में फर्म मै. स्पन्दना अग्रवाल की ओर से सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने ठेकेदार पर दो लाख का जुर्माना लगाने के साथ ही कारण बताओ नोटिस जारी किया है। निगरानी में ढिलाई बरतने पर अवर अभियन्ता को प्रतिकूल प्रविष्टि देने और सहायक अभियन्ता को भी सख्त चेतावनी पत्र जारी किया गया है।

नगर आयुक्त के निर्देश पर टीम ने कार्यस्थल पर पहुंचकर जांच की तो मौके पर न बैरिकेडिंग मिलीन ही कोई सुरक्षा बोर्ड लगा मिला था, जिससे दुर्घटना का खतरा बना था। जांच में कई अन्य तकनीकी अनियमितताएं उजागर हुईं। परियोजना के नियमों के अनुसार नाले के आधार में पीसीसी का कार्य अनिवार्य था, लेकिन ठेकेदार ने इसे दरकिनार कर सीधे सीसी का निर्माण शुरू कर दिया। इस घटिया निर्माण और तकनीकी मानकों के उल्लंघन को देखते हुए नगर निगम की टीम ने इसकी सूचना नगर आयुक्त को दी, जिसके बाद मौके पर जेसीबी भेजकर अधोमानक ढांचे को पूरी तरह ध्वस्त करा दिया। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने निर्माण विभाग के अभियंताओं के साथ ही अन्य ठेकेदारों को भी चेतावनी जारी कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता अनिवार्य है, अन्यथा कठोर कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

# बिजली बिलिंग कंपनी पर लगाया गया 1.73 लाख रुपये का दंड

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **घर बैठ कर डालते थे रीडिंग, चार मीटर रीडरों की सेवा समाप्त**

**अमृत विचार :** मीटर रीडिंग में गंभीर लापरवाही बरतने वाली बिलिंग कंपनी के विरुद्ध मुख्य अभियंता ने दंडात्मक कार्रवाई की है। बिलिंग एजेंसी द्वारा स्टोर रीडिंग (मौके पर जाए बिना मीटर रीडिंग दर्ज करना) का मामला सामने आया। इसके कारण उपभोक्ताओं को गलत बिल मिल रहे थे और विभाग की छवि धूमिल हो रही थी। मुख्य अभियंता ने चार मीटर रीडर के निष्कासन के साथ 173666 रुपये का जुर्माना लगाया।

मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि अधिशासी अभियंता कामर्शियल प्रथम वर्टिकल की जांच में पुष्टि हुई कि अनुबंध शर्तों का उल्लंघन करते हुए बिलिंग एजेंसी वैभू इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के मीटर रीडरों द्वारा बिना साइट विजिट के फर्जी रीडिंग दर्ज की गई। चार मीटर रीडर अजीत कुमार, दीपक उपाध्याय, नरेंद्र सिंह, इफ्तियार हुसैन खान के विरुद्ध सेवा से निष्कासन की कार्रवाई की गई। वहीं सात उपभोक्ताओं के मामलों में विभाग ने बिलिंग कंपनी पर कुल 173666 की मिसलेनियस रिकवरी (जुर्माना) लगाने की संस्तुति भी की है। मुख्य अभियंता ने कहा कि मीटर रीडरों द्वारा मौके पर न जाकर गलत रीडिंग दर्ज करना, अनुबंध की शर्तों का पालन न करने के कारण यह कार्रवाई की गई है। उपभोक्ताओं को सही बिल मुहैया कराना विभाग की प्राथमिकता है। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस तरह की रैंडम जांच आगे भी जारी रहेगी।

# अभ्युदय योजना में मुफ्त कोचिंग के लिए आवेदन शुरू

**बरेली, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत निःशुल्क कोचिंग के आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सिविल सर्विसेज, जेईई, नीट, एनडीए और एसएससी जैसी परीक्षाओं की तैयारी के लिए छात्र 25 मई तक विकास भवन स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय या राजकीय इंटर कॉलेज से फॉर्म प्राप्त कर जमा कर सकते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को स्मार्ट क्लास और आधुनिक लाइब्रेरी की मुफ्त सुविधा मिलेगी। आवेदन 12वीं में उत्तीर्ण या स्नातक अंतिम वर्ष उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

# बीडीए ने प्रथम 3 किसानों को दिए 74 लाख

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **दिल्ली हाईवे किनारे इंडस्ट्रियल टाउनशिप के लिए बीडीए ने शुरू की जमीन की खरीदारी**
- **126 हेक्टेयर में बसेगी, वीसी बोले-किसानों से आपसी सहमति से खरीदी जा रही जमीन**

**अमृत विचार :** दिल्ली हाईवे किनारे औद्योगिक टाउनशिप बसाने का सपना अब धरातल पर उतरने लगा है। बुधवार को बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने किसानों को मुआवजे का भुगतान शुरू कर दिया। प्राधिकरण सर्किल दर का चार गुना मूल्य दे रहा है। पहले दिन ग्राम रहपुरा जागीर के किसान धर्मपाल, प्रेमराज और गंगा प्रसाद को 74 लाख रुपये की धनराशि का चेक सौंपकर भूमि क्रय की विधिवत शुरुआत की गई।

बीडीए वीसी डा. मनिकंडन.ए ने बताया कि यह परियोजना न केवल बरेली बल्कि पूरे क्षेत्र के आर्थिक मानचित्र को बदलने वाली है। परियोजना के तहत तहसील बरेली के ग्राम रसूला चौधरी और तहसील मीरगंज के ग्राम भिटौरा नौगंवा, चिटौली व रहपुरा जागीर की कुल 126.3043 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। प्राधिकरण का लक्ष्य इस विशाल भूखंड पर एक ऐसी आधुनिक औद्योगिक टाउनशिप विकसित करना है, जहां बिजली, पानी, चौड़ी सड़कों और जल निकासी जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हों। दावा किया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना का सबसे बड़ा लाभ स्थानीय आबादी को मिलेगा। औद्योगिक टाउनशिप के विकसित होने से जहां बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे, वहीं स्थानीय युवाओं का पलायन रुकेगा।




भूमि ब्रिकी करने वाले किसानों के साथ बीडीए के अधिकारी। • अमृत विचार

# छात्रों के ग्रुप में फर्जी हस्ताक्षर कर भेज दिया संशोधित परीक्षा शेड्यूल

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के जंतु विज्ञान के द्वितीय, चतुर्थ व छठे सेमेस्टर की मिडटर्म परीक्षा का संशोधित परीक्षा शेड्यूल विद्यार्थियों के ग्रुप में फर्जी हस्ताक्षर, लेटर बनाकर डाल दिया गया।

मामले की जानकारी विभाग प्रभारी संगीता सिंह को हुई तो उन्होंने प्राचार्य प्रो. ओपी राय से मामले की शिकायत की। विभाग प्रभारी ने बताया कि 23 व 24 अप्रैल को ही परीक्षाएं निर्धारित शेड्यूल में होगी। किसी शरारती तत्व ने उनके फर्जी हस्ताक्षर बना फर्जी लेटर बनाते हुए परीक्षा के लिए नई तारीख जारी कर दी। विभाग की ओर से कोई संशोधन नहीं किया गया है। छात्रों को पहले से निर्धारित शेड्यूल पर ही मिडटर्म परीक्षा देने कॉलेज आए।

### विश्वविद्यालय ने परीक्षा फॉर्म की तिथियां बढ़ाईं

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने संबद्ध महाविद्यालयों में नई शिक्षा नीति-2020 के सत्र 2025-26 के स्नातक परीक्षाओं के भरने की तिथि को बढ़ा दिया। विश्वविद्यालय ने बीए, बीएससी, बीकॉम, बीएससी गृह विज्ञान के द्वितीय सेमेस्टर की बैंक परीक्षा इसके अलावा चतुर्थ और छठवें सेमेस्टर के संस्थागत एवं बैंक परीक्षा के आवेदन भरने की तिथि 19 अप्रैल से बढ़ा 23 अप्रैल कर दी। अभ्यर्थी 23 अप्रैल तक 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। संबंधित महाविद्यालयों को 24 अप्रैल तक आवेदन पत्रों का ऑनलाइन अप्रूवल करना होगा।

# बैंकिंग स्टाफ ने फिर पकड़ी आंदोलन की राह, सप्ताह में 5 दिन काम की उठी मांग



आंदोलन पर चर्चा को जुटे बैंक कर्मी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **यूएफबीयू की बैठक में पीएलआई वितरण पर उठे सवाल**
- **रश्मि शर्मा को महिला प्रकोष्ठ संयोजक नियुक्त किया गया**

**अमृत विचार :** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) की बैठक बुधवार को सिविल लाइंस स्थित कैनरा बैंक शाखा में हुई। इसमें बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में 5 दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था को लेकर चर्चा हुई और इस संबंध में प्रस्तावित आंदोलन की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन की रश्मि शर्मा को यूएफबीयू बरेली महिला प्रकोष्ठ का संयोजक मनोनीत किया गया। उन्होंने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है, उन्हें भी अपनी मांगों के समर्थन में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। संयोजक नवींद्र कुमार ने कहा कि कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर निर्णायक संघर्ष के लिए तैयार हों और संगठन को मजबूत करें। अध्यक्ष संतोष तिवारी ने बैंकों में पीएलआई (परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव) के असंतुलित वितरण पर चिंता जताते हुए इसे न्यायसंगत बनाने की मांग उठाई। बैठक में पूर्व पदाधिकारी संजीव मेहरोत्रा और ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कन्फेडरेशन के आंचलिक सचिव सुनीत भटनागर ने भी सुझाव दिए। अध्यक्षता संतोष तिवारी, संचालन जिला संयोजक नवींद्र कुमार ने किया। मजदूर दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने और संगठनात्मक एकता मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

**नई उम्मीद** — 142 बरस बाद रेल रूट पर फिर शुरू कराया जाएगा सर्वे, नेटवर्क को कुमाऊं के पहाड़ों तक ले जाने की बनी महत्वाकांक्षी योजना

# बरेली से बागेश्वर तक ट्रेन का सपना, शायद अब होगा अपना

दिग्विजय मिश्रा, बरेली

- **रेल परियोजना को धरातल पर लाने की कवायद फिर शुरू**

**अमृत विचार :** बरेली टू काठगोदाम पहली रेलगाड़ी कब दौड़ी थी ? सामान्य ज्ञान से जुड़े इस सवाल का उत्तर जानने को 136 साल पहले की कहानी समझनी होगी। रुहेलखंड के मैदान से कुमायूं के पहाड़ों को जोड़ने वाली रेलवे लाइन का निर्माण ब्रिटिश पीरियड में 1880 के दशक में शुरू हुआ था। 24 अप्रैल 1884..यही वो तारीख थी, जब लखनऊ से चलकर बरेली होती हुई पहली ट्रेन काठगोदाम पहुंची थी। 142 बरस पहले इस भूभाग पर अंग्रेज जहां छोड़कर गए थे, ट्रेन उससे एक इंच भी ऊपर नहीं बढ़ी है। बड़ी खबर ये है कि बरेली से पहाड़ की ओर रेल नेटवर्क विस्तार पर फिर शुरू हो रहा है। बागेश्वर तक ट्रेन पहुंचाने की दिशा में नए सिरे से तैयारियां तेज हुई हैं। रेल बजट में प्रावधान होने के बाद जल्द सर्वे शुरू होने वाला है।

इज्जतनगर रेल मंडल के पास नेटवर्क विस्तार का मसौदा पहुंच चुका है, जिसके बाद परियोजना के प्रारंभिक चरण में तेजी आने की उम्मीद बंधी है। यह परिकल्पना अंग्रेज सरकार की तैयारी थी मगर समय के बाद फाइलें आगे बढ़ने की जगह पीछे घिसटती रहीं। बरेली-कुमायूं रेल लाइन का इतिहास करीब करीब डेढ़ सदी पुराना है। 1890 में अंग्रेजों ने पहली बार टनकपुर-बागेश्वर रेल मार्ग का सर्वे कराया था। 1902 और 1911-12 में भी परियोजना पर थोड़ा काम हुआ मगर उसके बाद शिमला और दार्जिलिंग की तरह दुर्गम पहाड़ों पर ट्रेन दौड़ाने की योजना सपना बनकर ही रह गई। अफसरों के मुताबिक, केन्द्र सरकार अब इस परियोजना में बहुत दिलचस्पी ले रही है। बरेली-उत्तराखंड के बीच रेल संपर्क को मजबूत बनाने के लिए केन्द्र ने नई रूपरेखा तैयार की है। टनकपुर से बागेश्वर और आगे रीठा साहिब तक रेल लाइन बिछाने की योजना पर काम शुरू हो चुका है। यह परियोजना धरातल पर उतरती है, तो रुहेलखंड की सामाजिक, आर्थिक धुरी बरेली के कुमायूं और करीब आ जाएगा। ऐसा हुआ तो दोनों ओर पर्यटन, व्यापार और अर्थव्यवस्था को पंख लग जाएंगे। वर्षों से लंबित इस महत्वाकांक्षी रेल योजना पर फिर काम शुरू होने की खबर ने क्षेत्र के लोगों में नई उम्मीद जगा दी है।



सालों पहले कोयले वाले इंजन से छुक-छुक चलती ट्रेन। • अमृत विचार

### शाहजहांपुर के अंग्रेज व्यापारी ने खोजा था नैनीताल

इतिहास में दर्ज जानकारी के हिसाब से आधिकारिक तौर पर दुनिया के सबसे मशहूर हिल स्टेशन नैनीताल की खोज पी. बैरन नामक एक अंग्रेज व्यापारी ने 1839 में की थी। ऐसा उल्लेख है कि पी बैरन शाहजहांपुर में रहने वाले चीनी व्यापारी थे और शिकार अभियान पर निकलकर नैनी झील की सुंदरता पर मंत्रमुग्ध हो गए थे और वहां अंग्रेज बस्ती बसाई थी। बरेली को कुमायूं का गेटवे कहा जाता है, इसलिए सामाजिक-आर्थिक ही नहीं, राजनैतिक रूप से नैनीताल यहां के बेहद करीब रहा है। बरेली की बहेड़ी विधानसभा पहले नैनीताल लोकसभा का हिस्सा थी। बरेली-टनकपुर-बागेश्वर रेलव परियोजना धरातल पर आती है तो इस पूरे क्षेत्र के विकास को पंख लग जाएंगे।

उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र को रेल नेटवर्क से जोड़ने की दशकों पुरानी मांग को पूरा करने के लिए एक बार फिर सर्वे किया जाएगा। यह काम जल्द ही एजेंसी को सौंपा जाने वाला है। सर्वे पूरा होने के बाद परियोजना पर आगे काम शुरू होगा।
**-संजीव शर्मा,** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक इज्जतनगर मंडल

अम्बा हैल्थ क्लीनिक




डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)

स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ

30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify
Tredmark Clinic



* पतले-दुबले
* गाल पिचके
* कमजोर स्त्री-पुरुष
* मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए

परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी


भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे

शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं

- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना



वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडोल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease

सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक

दिनांक :-
10 मई 2026, रविवार
24 मई 2026, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463
7599211076


### दिन वो भी क्या थे...पेड़ों की छांव में छिपे रहने वाले बीसलपुर, नैनीताल और पीलीभीत रोड पर बिल्कुल मिटा दी गई ग्रीनरी

# विकास-विस्तार के ऐसे बने प्लान, हरियाली की चादर हो गई रेगिस्तान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रेगिस्तान से दिखने वाले पीलीभीत और नैनीताल रोड हमेशा ऐसे नहीं थे। विकास और विस्तार की ऐसी हवा चली कि हजारों पेड़ों के नामोनिशान तक मिट गए।

वो भी क्या दिन थे...यह जुमला बरेली बासियों की जुबां पर अक्सर देता है। पहले हरियाली से ओतप्रोत प्रमुख सड़कें जन्नत का एहसास कराती थीं। घने पुराने पेड़ों की टहनियां सड़क के ऊपर मिलकर एक प्राकृतिक सुरंग बना देती थीं। सूरज की तपिश जमीन तक नहीं पहुंच पाती थी और ठंडी हवा का झोंका राहगीरों की थकान मिटा देता था। आज वही सड़कें विकास की दौड़ में अपनी पहचान खो चुकी हैं और कंक्रीट के तपते जाल में बदल गई हैं। इतिहास और विकास की बात करें तो नैनीताल हाईवे और पीलीभीत रोड के चौड़ीकरण की परियोजनाओं ने बरेली के पर्यावरण को सबसे गहरी चोट पहुंचाई। साल 2016 से 2022 के बीच हुए बड़े निर्माण कार्यों, विशेषकर नैनीताल हाईवे के फोरलेन होने और पीलीभीत रोड के सिक्सलेन विस्तारीकरण के दौरान हजारों की संख्या में 50 से 100 साल पुराने नीम, पीपल, पाकड़ और शीशम के पेड़ जमींदोज कर दिए गए। बीसलपुर रोड पर भी कुछ साल पहले तक आम, जामुन, पाकड़ के झुरमुट हुआ करते थे, जिन्हें सड़क चौड़ी करने के नाम पर काट दिया गया। अब हरियाली सिर्फ यादों के एल्बम में बची है। इसका असर भी अब साफ दिखने लगा है। गर्मी के मौसम में इन हाईवे पर तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री अधिक महसूस होता है।



पीलीभीत रोड पहले ऐसा हरा-भरा दिखता था, जहां सुस्ताने को भी पेड नहीं बचे।

- परिंदों का भी घर उजड़ा, कभी टहनियां मिलाकर प्राकृतिक सुरंग बनाती थीं यह सड़कें
- घनी हरियाली खत्म होने से हाईवे पर सामान्य से अधिक महसूस होने लगी है तपिश



आज इस सड़क पर धूप देखकर यकीन नहीं होता कि कभी यहां दिन में भी अंधेरा रहता था। बीसलपुर रोड के दोनों ओर इतने घने नीम और पीपल के पेड़ थे कि उनकी टहनियां आपस में हाथ मिलाती थीं। हम लोग दोपहर में भी बिना छाते के मीलों पैदल चल लेते थे। अब तो कंक्रीट की ऐसी तपिश है कि सड़क पर पैर रखना मुश्किल है।- **डा. जगत सिंह**, ग्रीन पार्क



पहले सवारी का इंतजार करते वक्त हम किसी भी पेड़ के नीचे ऑटो खड़ा कर सुस्ता लेते थे। बीसलपुर रोड पर इतने घने आम के बाग और पेड़ थे कि पंखे की ज़रूरत नहीं पड़ती थी। अब तो पूरा रास्ता वीरान पड़ा है। पेड़ कटने के बाद गर्मी इतनी बढ़ गई है कि दोपहर में ऑटो के अंदर भट्ठी जैसी तपिश महसूस होती है। - **नैपाल सिंह**, केसरपुर



वो भी क्या दिन थे, जब इस हाईवे को ''ग्रीन टनल'' कहा जाता था। बरेली से बहेड़ी के बीच हज़ारों पुराने पेड़ थे जो सर्दियों में कोहरे और गर्मियों में धूप को रोकते थे। सरकार ने सड़क तो शानदार बना दी, पर वो रूह गायब कर दी जो इन रास्तों में जान फूंकती थी। हमने आने वाली पीढ़ी के लिए छांव नहीं, बल्कि सिर्फ गर्म डामर की सड़कें छोड़ी हैं।- **सूरज**, भोजीपुरा



मैं शहर का पुराना बाशिंदा हूं। मैंने पीलीभीत रोड पर पेड़ों को बड़ा होते देखा था। आज सड़क किनारे के खेत बिक गए तो काफी हद तक जगह सड़क चौड़ीकरण की परियोजनाओं में चली गई। यह बात सही है कि विकास जरूरी है, पर क्या पुराने पेड़ों के साथ तालमेल नहीं बिठाया जा सकता था। आज की चकाचौंध में हम उस हरियाली की कीमत भूल गए हैं। - **वीरेंद्र पाल**, मुड़िया अहमदनगर



मुझे याद है जब मैं साइकिल से अपनी ड्यूटी पर जाता था, तो पीलीभीत रोड की ठंडी हवा मेरी सारी थकान मिटा देती थी। शीशम और पाकड़ के उन पेड़ों पर हजारों पक्षियों का बसेरा था। सड़क चौड़ी करने के लिए जब कुल्हाड़ी चली, तो सिर्फ पेड़ नहीं गिरे, बल्कि विकास की इस अंधी दौड़ में हमने अपनी सबसे बड़ी दौलत खो दी है।-**भूपेंद्र सिंह**

### खेतों का व्यावसायिक इस्तेमाल भी एक बड़ी वजह

सड़कों के वीरान होने के पीछे सिर्फ हाईवे का चौड़ीकरण ही एकमात्र कारण नहीं है, बल्कि सड़कों के किनारे स्थित खेतों का व्यावसायिक इस्तेमाल भी एक बड़ी वजह बनकर उभरा है। कुछ साल पहले तक पीलीभीत और नैनीताल हाईवे के किनारे लहलहाती फसलें और बाग हुआ करते थे, जो वातावरण में नमी और ठंडक बनाए रखते थे। लेकिन, मुनाफे की होड़ में किसानों ने सड़क किनारे की इन बेशकीमती जमीनों को बेच दिया, जहां अब बड़े पैमाने पर प्लांटिंग कर दी गई है। हरियाली को काटकर वहां कंक्रीट के जंगल और कॉलोनियां बसाई जा रही हैं।

# छुट्टी पर आए फौजी ने की थी प्रेम सम्बंधों में बाधक पत्नी की हत्या

### पति, देवर और ससुर के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर, तलाश में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र की वैष्णो धाम कॉलोनी में मंगलवार को फौजी की पत्नी की हत्या मामले में पति, देवर और ससुर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की हत्या गला दबाकर करना आया है। सीसीटीवी कैमरे में दिखे युवक की पहचान महिला के पति के रूप में हुई है। मृतका के भतीजे ने आरोप लगाया कि उसके फूफा के दूसरी महिला से संबंध हैं।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के बीडीए कॉलोनी निवासी सचिन कुमार यादव ने सुभाषनगर थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि उसकी बुआ गीता देवी वैष्णोधाम कॉलोनी बीडीए कॉलोनी में रहती थीं। उसके छोटे भाई का बेटा यशवर्धन और बुआ के दो बेटे भी रहते हैं। उसके फुफा भारत सिंह फौज में है। सचिन ने बताया कि बुआ गीता यादव ने मंगलवार को सुबह 11: 15 बजे उसकी बहन शीतल यादव को फोन करके बताया था कि तेरे फूफा आने वाले हैं। यशवर्धन को स्कूल से ले आना। उसके बाद फोन पर ही बुआ ने कहा कि यह आ गए हैं फिर अचानक से फोन कट गया। सचिन के अनुसार उसके फुफा के संबंध एक अन्य लड़की से हैं जिसके साथ वह घर बसाना चाह रहे हैं। इसे लेकर बुआ और फुफा में कई बार विवाद हो चुका था। आरोप लगाया कि फूफा ने मंगलवार को बुआ की गला दबाकर हत्या कर दी। फुफा सीसीटीवी कैमरे में आते जाते कैद हो गए। दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया है कि फुफा के भाई और पिता भी बुआ को दोषी ठहराकर फुफा का पक्ष लेते थे। पुलिस ने भारत सिंह, उसके भाई और पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। उधर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से भी गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है। सुभाषनगर इंस्पेक्टर सतीश कुमार नैन ने बताया कि आरोपी पति की तलाश में दो टीम लगी हुई हैं।



मृतका गीता यादव।



सीसीटीवी में कैद आरोपी पति।

- सीसीटीवी में कैद हुआ मृतका गीता यादव का पति भारत सिंह
- भतीजे ने कहा, फुफा के अन्य महिला से थे प्रेम सम्बंध

## किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली:** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट नरेंद्र प्रकाश ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर दुष्कर्म करने के आरोपी मोहम्मद सलीम की जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

थाना बिथरी चैनपुर में पीड़िता की मां ने 8 मार्च को तहरीर दी थी। राजमिस्त्री का काम करने वाले सलीम ने खुद को हिंदू बताकर किशोरी से दोस्ती की और दुष्कर्म किया। सरकारी वकील कुलदीप श्रोतिया के अनुसार आरोपों और साक्ष्यों को देखते हुए अदालत ने आरोपी को राहत देने से इनकार कर दिया। वहीं विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट प्रथम हेमेंद्र कुमार सिंह ने किशोरी से गैंगरेप के एक आरोपी नेत्रपाल की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। शासकीय अधिवक्ता सरनाम सिंह के अनुसार, फरीदपुर क्षेत्र की पीड़िता को दिसंबर 2021 में सोनू मौर्य, नेत्रपाल और पप्पू जबरन बरेली ले आए थे। सात दिन बंधक बनाकर गैंग रेप किया था।

# गुड़गांव से आई बेटी ने मांगा महंगी प्रापर्टी में हिस्सा, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कलेक्ट्रेट गेट पर विवाद के बाद पुलिस दोनों पक्ष को थाने लाई

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट गेट पर बुधवार को एक युवती और उसके परिजनों के बीच जमकर विवाद हो गया। थाना कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाकर थाने ले आई।

थाना बिथरी चैनपुर निवासी 21 साल की युवती गुड़गांव में रह रही है। बुधवार को वह कलेक्ट्रेट पहुंची। जहां उसकी बहन, मां और भाई से किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने युवती को कोतवाली ले जाकर पूछताछ की, जिसमें सामने आया कि युवती 16 सितंबर 2025 को घर से बिना बताए चली गई थी। इस संबंध में थाना बिथरी चैनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने उसे बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया था। इसके बाद 16 नवंबर 2025 को फिर घर छोड़ने पर एक और मामला दर्ज हुआ था। कुछ समय बाद युवती गुड़गांव में एक निजी कंपनी में नौकरी करने लगी। इसी दौरान उसके पिता की मृत्यु हो गई, जिसके बाद परिवार की जमीन सभी सदस्यों के नाम हो गई। इस जमीन में युवती का भी लगभग 600 वर्ग गज का हिस्सा है, जो वेदांता हॉस्पिटल के पास काफी कीमत का बताया जा रहा है। परिजनों का आरोप है कि युवती गलत लोगों के प्रभाव में आकर संपत्ति बेच रही है, जबकि वे जमीन को परिवार में ही रखना चाहते हैं। वहीं युवती का कहना है कि वह अपने परिजनों के साथ नहीं जाना चाहती और उसे जान-माल का खतरा है। बताया जा रहा है कि युवती जमीन की रजिस्ट्री कराने कलेक्ट्रेट आई थी, जिसकी जानकारी मिलने पर परिजन वहां पहुंच गए और विवाद शुरू हो गया। पुलिस ने मामला शांत कराया।

# सीबीगंज में धर्मस्थल की बाउंड्री तोड़ने का विरोध, बैरंग लौटी टीम

कार्यालय संवाददाता, सीबीगंज

**अमृत विचार:** खलीलपुर रोड पर बुधवार को नगर निगम की टीम प्राचीन धार्मिक स्थल की बाउंड्री तोड़ने पहुंची, तो लोग नाराज हो गए। बड़ी संख्या में श्रद्धालु और इलाके के लोग जमा हो गए। टीम को बैरंग लौटना पड़ा।

स्थानीय लोगों ने कहा कि स्थल उनके पुरखों के समय से है। मंदिर कमेटी के पदाधिकारी कृष्ण पाल मौर्य, मंशाराम कश्यप, चंद्रपाल कश्यप समेत कई लोग पहुंच गए और कार्रवाई का विरोध किया। उन्होंने बताया कि इस बाउंड्री वॉल और जमीन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। काफी देर तक बातचीत चली। फिर टीम ने मंदिर कमेटी को दो दिन के भीतर संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा है। अवर अभियंता अनुराग कमल ने बताया टीम आईजीआरएस पोर्टल पर मिली शिकायत के निस्तारण के लिए मौके पर आई थी। हालांकि, मौके की नजाकत और कोर्ट में लंबित मामले को देखकर टीम लौट गई। आगे की कार्रवाई दस्तावेजों की जांच और कोर्ट के निर्णय पर निर्भर करेगी।



धार्मिक स्थल के बाहर जुटी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

- सीबीगंज के खलीलपुर रोड पर बना है मंदिर, बिना नोटिस कार्रवाई पर भड़के लोग
- स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने घेरी जेसीबी, कोर्ट में मामला होने पर रुकी तोड़फोड़

# साइबर क्राइम परिचर्चा... सतर्क बनें, सुरक्षित रहें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने बुधवार को अर्बन हाट ऑडिटोरियम में 'साइबर क्राइम' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया । इसमें साइबर विशेषज्ञों के साथ औद्योगिक, व्यापारिक, स्वास्थ्य और बार एसोसिएशन के प्रमुख चेहरे जुटे। अध्यक्षता कैंट बोर्ड सीईओ डॉ. तनु जैन ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में एसपी सिटी मानुष पारीक एवं बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल उपस्थित रहे।

परिचर्चा में एसपी सिटी ने कहा कि साइबर अपराधी नई तकनीकों का इस्तेमाल कर ठगी कर रहे हैं। लोगों की निजी व बैंकिंग जानकारी हासिल कर ली जाती है। उन्होंने आमजन से अनजान लिंक या कॉल पर विश्वास न करने तथा व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने की अपील की। एचडीएफसी बैंक के क्लस्टर हेड अरविंद शर्मा और साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज सिंह ने महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। संस्था अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि कंप्यूटर-मोबाइल के बढ़ते उपयोग के बीच वित्तीय अपराध भी तेजी से बढ़े हैं। बार एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट मनोज हरित ने जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। संचालक सचिव डॉ. प्रमेन्द्र माहेश्वरी बोले, साइबर सुरक्षा मजबूती से करने की जरूरत है। डॉ. मनीष शर्मा ने गेस्ट एसपी सिटी का सभी से परिचय कराया। डॉ. नीरज सक्सेना, पीसी शर्मा, सुधीर गुप्ता, वरूण गुप्ता, केवी अग्रवाल, संस्था के पेटर्न वीएस अग्रवाल, विभोर अग्रवाल, राज गोयल, संदीप जैन, अनिल अग्रवाल, सीए राजेन विद्यार्थी, रवि खंडेलवाल, अजय अग्रवाल व मोहन गुप्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



संबोधित करते एसपी सिटी मानुष पारिक।



सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सेमीनार में जुटे लोग। ● अमृत विचार

- सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने किया सेमिनार
- विशेषज्ञों ने बताए साइबर खतरे और सुरक्षा के उपाय

# उर्स व होमगार्ड परीक्षा को लेकर रूट डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में 24-25 अप्रैल को उर्स ताजुश्शरिया और 25 से 27 अप्रैल तक प्रस्तावित होमगाड्र्स इनरोलमेंट परीक्षा के मद्देनज़र यातायात पुलिस ने विस्तृत ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। बड़ी संख्या में जायरीन और परीक्षार्थियों के आगमन की उम्मीद है। जिसके चलते शहर की यातायात व्यवस्था में अस्थायी बदलाव किए गए हैं।

भारी वाहनों पर सख्ती, बाईपास से गुजरने के निर्देश दिए गए। 24 और 25 अप्रैल को झुमका तिराहा, परसाखेड़ा रोड नंबर-01 और मिनी बाईपास से मथुरापुर की ओर सभी भारी वाहन और रोडवेज बसों का संचालन प्रतिबंधित रहेगा। रामपुर, मुरादाबाद, नैनीताल, पीलीभीत और बदायूं की ओर से आने वाले भारी वाहनों को शहर में प्रवेश के लिए बड़ा बाईपास, विल्वा, विलयधाम और इन्वर्टिस तिराहा जैसे वैकल्पिक मार्गों से होकर गुजरना होगा।

**कई रूटों पर रोक :** 24 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से 25 अप्रैल की रात 12 बजे तक मिनी बाईपास और झुमका तिराहा से मथुरापुर मदरसा की ओर चार पहिया वाहन, ऑटो और ई-रिक्शा का संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा कुदेशिया अंडरपास, किला क्षेत्र, श्यामतगंज, पटेल चौक, चौपला और कुतुबखाना जैसे भीड़ वाले इलाकों में भी ई-रिक्शा और ऑटो पर रोक लागू रहेगी।

- 24 और 25 अप्रैल को होने वाले उर्स को लेकर जारी की गई एडवाइजरी

> उर्स और परीक्षा कोलेकर रूट डायवर्जन लागू किया गया है. सभी व्यवस्था भीड़ नियंत्रण और सुचारू यातायात के लिए की गई है जिससे शहर के लोगों के अलावा जायरीन और अभ्यर्थियों को किसी तरह की दिक्कत ना हो. - **मोहम्मद अकमल खान**, एसपी ट्रैफिक

### आम जनता और परीक्षार्थियों को सलाह

यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि 24-25 अप्रैल को मिनी बाईपास और उससे जुड़े मार्गों से बचें तथा वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करें। वहीं जिन परीक्षार्थियों के परीक्षा केंद्र सीबीगंज, किला, बिहारीपुर चौकी और मिनी बाईपास क्षेत्र में हैं, उन्हें समय से पहले घर से निकलने की सलाह दी गई है, ताकि जाम या डायवर्जन के कारण देरी न हो।

### रोडवेज बस स्टैंड पर बस संचालन में बदलाव

इन तिथियों में पुराना रोडवेज बस स्टैंड बंद रहेगा। सभी बसों का संचालन सैटेलाइट बस स्टैंड से किया जाएगा। दिल्ली और रामपुर से आने वाली बसें निर्धारित डायवर्जन मार्गों से होकर ही सैटेलाइट बस स्टैंड पहुंचेंगी और वहीं से वापस जाएंगी। बदायूं रूट की बसें भी बदले हुए मार्ग से संचालित होंगी।

### बरेली कॉलेज में अलग-अलग प्रवेश व्यवस्था

बरेली कॉलेज परीक्षा केंद्र पर स्टाफ का प्रवेश पूर्वी गेट से और परीक्षार्थियों का प्रवेश पश्चिमी गेट से सुनिश्चित किया गया है। यातायात पुलिस ने असुविधा के लिए खेद जताते हुए कहा है कि नागरिकों के सहयोग से ही उर्स और परीक्षा दोनों कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न कराए जा सकेंगे।

## ऑटो में महिला के पर्स से जेवर और नगदी चोरी

**बरेली, अमृत विचार:** भाई की इंगेजमेंट में शामिल होने आई एक महिला के पर्स से जेवर और नगदी चोरी हो गई।

बदायूं के गांव अन्नी निवासी कुसुमलता ने बताया कि मंगलवार की शाम वह अपने भाई की इंगेजमेंट में पीलीभीत बाईपास रोड स्थित एक होटल में आई थी। इसके बाद ऑटो में बजरंग ढाबे के पास से पुराना बस अड्डे के लिए बैठी थी। ऑटो ड्राइवर का नाम छत्रपाल था, उसके ऑटो में शाहमतगंज से दो लड़कियां और एक महिला और बैठीं। दोनों लड़किया बरेली कॉलेज के पास उतर गईं। पर्स से सोने के जेवरात और 2200 रुपये चोरी हो गए। डायल 112 की टीम ने मामला पुलिस के हवाले मामले कर दिया। अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# राइफल क्लब में वित्तीय धांधली सिटी मजिस्ट्रेट ने पकड़ी चोरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डीएम के हस्ताक्षर किए बिना ही छह कर्मचारियों ने बढ़ा लिया मानदेय

**अमृत विचार:** राइफल क्लब में वित्तीय नियमों को ताक पर रखकर वेतन बढ़ाने का एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है। कर्मचारियों ने अध्यक्ष (डीएम) की अनुमति के बिना ही खुद का मानदेय बढ़ा लिया। हैरानी की बात यह है कि क्लब के अध्यक्ष जिलाधिकारी होते हैं, लेकिन वेतन वृद्धि के प्रस्ताव पर उनके हस्ताक्षर लेना भी मुनासिब नहीं समझा गया।

इस खेल के तहत चार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (माली, चौकीदार, चपरासी, सफाईकर्मी) का मानदेय सात से बढ़ाकर दस हजार और दो बाबूओं का मानदेय साढ़े दस से बढ़ाकर सीधा पंद्रह हजार कर दिया गया। ये कर्मचारी पिछले दो महीनों से खजाने से बढ़ा हुआ वेतन डकार रहे थे। डीएम ने सिटी मजिस्ट्रेट को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिया है।

इस खेल का भंडाफोड़ तब हुआ जब नवागत सिटी मजिस्ट्रेट राजेश वर्मा ने पत्रावलियों को चेक किया। डीएम के दस्तखत नहीं मिले, तो खलबली मच गई। डीएम ने मामले को गंभीर अनुशासनहीनता और वित्तीय अनियमितता मानते हुए सिटी मजिस्ट्रेट को जांच के आदेश दे दिए हैं। डीएम ने दो टूक कहा है कि बिना अनुमति सरकारी धन का इस तरह आवंटन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जांच रिपोर्ट आते ही इस धांधली में शामिल दोषियों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## सिटी ब्रीफ

### गैंगस्टर परवेज की जमानत खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली :** गिरोह बनाकर देवरनियां थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनायें करने के आरोपी थाना देवरनियां के ग्राम नवादा निवासी परवेज की जमानत अर्जी स्पेशल जज गैंगस्टर एक्ट ने खारिज कर दी। सरकारी वकील दिगम्बर पटेल ने बताया कि परवेज साथियों के साथ मिलकर चोरी, लूटपाट तथा हत्या के प्रयास जैसे जघन्य अपराध करता है। छह मुकदमों का आपराधिक इतिहास पेश किया गया। थाना देवरनियां में पांच मुकदमें दर्ज है।

### घर में घुसकर युवक को पीटकर किया अधमरा

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र के चक महमूद निवासी रफत खां ने बताया कि 12 अप्रैल को उसकी बहन का बेटा अंशु निवासी बुखारपुरा रात में अपने घर पर सो रहा था। पड़ोस के रहने वाले सोनू, घनश्याम, पप्पू माली, विक्की, केशव, चौधरी, समेत अन्य घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस आए और रॉड व लाठी डंडों से हमला कर अधमरा कर दिया। बारादरी पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है।

### पुरानी रंजिश में युवक पर झोंका फायर, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** शीशगढ़ थाना क्षेत्र के कुरैशीनगर निवासी मो. कासिम ने बताया कि मंगलवार को वह बाइक से मारिया फ्रोजन फूड फैक्ट्री में माल उतारकर मोहनपुर ठिरिया की तरफ जा रहा था। मजार के पास शीशगढ़ निवासी इकराम, सलीम उर्फ लाल, अकरम निवासी हजियापुर थाना बारादरी ने पुरानी रंजिश को लेकर उसे घेर लिया। सलीम ने तमंचे से फायर कर दिया जिसमें वह बाल बाल बच गया।

# रैली निकाल जगाई पर्यावरण संरक्षण की अलख

## पृथ्वी दिवस पर एनसीसी कैडेट्स, विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार:** पृथ्वी दिवस पर बुधवार को बरेली कॉलेज के पर्यावरण विज्ञान विभाग एवं नगर निगम के संयुक्त प्रयास से स्वच्छता जागरुकता रैली, वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

रैली बरेली कॉलेज से प्रारंभ होकर चौकी चौराहा होते हुए लोहिया पार्क तक निकाली गई। रैली में बड़ी छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स की भागीदारी रही।

लोहिया पार्क का उद्घाटन मेयर डॉ. उमेश गौतम ने किया। यह पार्क वेस्ट टू वंडर थीम पर विकसित किया गया है, जो स्वच्छ भारत अभियान की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। पर्यावरण विज्ञान विभाग के समन्वयक डॉ. जसपाल सिंह ने कहा कि पृथ्वी को सुरक्षित रखना सामूहिक जिम्मेदारी है। डॉ. अनामिका अग्रवाल ने संतुलित संसाधन उपयोग व वृक्षारोपण पर जोर दिया। डॉ. गौरव भूषण ने कहा कि पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त रखकर ही भावी पीढ़ियों को सुरक्षित वातावरण दिया जा सकता है। डॉ. निष्ठा सेठ ने युवा पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. ओपी राय एवं सेल्फ फाइनेंस कोर्सेज के निदेशक प्रो. एपी सिंह के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। शोधार्थी अंजली, मुकेश कुमार, हर्षित तिवारी, एमएससी छात्र प्रदीप राणा, अभिषेक, बबलू कुमार का योगदान रहा। इस अवसर पर विमल कुमार मिश्रा, कर्नल जोशी, डॉ. नयन सिंह तथा महेंद्र सिंह राठौर शामिल रहे।



रैली निकालते बरेली कॉलेज के छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार


छात्रा को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार


पौधरोपण करते अतिथि। ● अमृत विचार

### पौधरोपण कर लिया पृथ्वी बचाने का संकल्प

**बरेली, अमृत विचार :** कैम्ब्रेज स्कूल में बुधवार को पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई। मुख्य अतिथि बरेली कॉलेज बरेली के वनस्पति विज्ञान के प्राध्यापक प्रोफेसर कृष्ण अवतार वार्ष्णेय ने बताया कि हमें अपनी जीवनशैली बदल कर पृथ्वी को संरक्षण देना होगा अन्यथा भावी पीढ़ी का जीवन मुश्किल हो जाएगा। छात्र-छात्राओं ने मनमोहक पोस्टर बनाकर इनाम जीते। प्रधानाचार्या मिथलेश वार्ष्णेय, प्रबन्ध समिति के सदस्य इंजीनियर देवेन्द्र कुमार गुप्ता, डॉ. बीरेन्द्र कुमार वर्मा, प्रतीक्षा वार्ष्णेय, वन्दना, साधना सिंह, मान्सी अरोरा, नूपुर शर्मा, प्रिया खण्डूजा, रिम्पी सक्सेना, विमला, प्रियंका पाराशरी, अंकिता कक्कड़, प्रिया, अवधेश सक्सेना, ज्ञानेश्वर आचार्य आदि का सहयोग रहा।

### पोस्टर और निंबध में विजेता बच्चों को किया सम्मानित

**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रान्त के तत्वावधान में बुधवार को सीबीगंज स्थित काम्पीटेंट पब्लिक स्कूल में निबन्ध एवं पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई। पोस्टर प्रतियोगिता में आयशा फातिमा ने प्रथम, माजिया खातून दूसरे, इन्शा फातिमा को तृतीय स्थान हासिल हुआ, जबकि अर्शित यादव को सान्त्वना पुरस्कार मिला। निबंध में ईशान पन्त ने प्रथम, तस्मीम दूसरे, कुशाग्र चौधरी को तृतीय स्थान मिला। हर्ष राज शर्मा को सान्त्वना पुरस्कार मिला। मुख्य अतिथि डॉ. सुरेश बाबू मिश्रा, प्रधानाचार्य डॉ व्रजेश कुमार शर्मा, उप प्रधानाचार्य नूतन सिंह और जनपदीय मंत्री विमलेश चंद्र दीक्षित ने पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए। सन्तोष मिश्रा व अन्य मौजूद रहे

### विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक मनाया पृथ्वी दिवस

**बरेली, अमृत विचार :** नेहटा स्थित सेंट जेवियर्स कॉलेज में बुधवार को पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया और पृथ्वी को हरा भरा बनाने का संकल्प लिया। बच्चों ने रंगारंग वेशभूषा धारण कर विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन किया। सभी विद्यार्थियों को पौधे वितरित किए गए ताकि वह अपने घरों में भी पौधारोपण करें।



कार्यक्रम पेश करते बच्चे।

# अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस पर किया गया पौधरोपण

**बरेली, अमृत विचार:** केशलता ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस में अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस पर बुधवार को पौधरोपण किया गया। आरंभ संस्थान के चेयरमैन डॉ. केशव कुमार अग्रवाल द्वारा पौधारोपण कर किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि पेड़-पौधे पृथ्वी के संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वाइस प्रेसिडेंट गोपाल अग्रवाल, सचिव डॉ. लता अग्रवाल, प्रशासनिक अधिकारी देवेंद्र खंडेलवाल, नर्सिंग प्राचार्या डॉ. प्रतिभा मनोहरम बी, फार्मेसी प्राचार्य डॉ. पंकज मिश्रा, वाइस प्रिंसिपल डॉ. अनीता गॉटलीब, प्रोफेसर डॉ. अरविंद जांगिड, अनुप्रिया एस. लाल, डॉ. नितिन सहाय, सरिता, आकांक्षा, योगिता, सुनील कुमार, जगमोहन गंगवार सहित अन्य शिक्षक व स्टाफ उपस्थित रहे।



पौधरोपण करते छात्र- छात्राएं। ● अमृत विचार

### वर्ल्ड अर्थ डे पर पिंजरे से मुक्त किए परिंदे

**बरेली, अमृत विचार :** वर्ल्ड अर्थ डे के अवसर पर अनिल कुमार वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. अमित सक्सेना ने सराहनीय पहल की। चिड़ियों को पिंजरे से आजाद कर समाज को पर्यावरण संरक्षण और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया। डॉ. सक्सेना ने कहा कि ' 'हर जीव को स्वतंत्र रूप से जीने का अधिकार है ( यदि हम आज पर्यावरण और जीवों की रक्षा करेंगे, तभी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और स्वच्छ धरती सुनिश्चित कर पाएंगे। विकास सिंह, रूद्रिका, रेखा रानी ने भी और दया का संदेश दिया।


पंछी छोड़ते अनिल कुमार सोसाइटी के सदस्य। ● अमृत विचार

# रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य की अनदेखी

- जिला-महानगर कांग्रेस कमेटी की संयुक्त मासिक बैठक

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी की संयुक्त मासिक बैठक बुधवार को आयोजित की गई। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठनात्मक मजबूती और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

जिलाध्यक्ष असफाक सकलैनी ने कहा कि सरकार मूल मुद्दों से ध्यान भटकाकर अन्य विषयों में उलझा रही है। महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा ने कहा कि रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी मुद्दों की अनदेखी की जा रही है। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल ने सरकार पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। कहा कि आगामी चुनाव में जनता इसका जवाब देगी। बैठक के अंत में पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई सहित अन्य के निधन पर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में केबी त्रिपाठी, विनोद कुमार, पूनम दीप सिंह, तीरथ मधुकर, प्रवीण मिश्रा, मनोज शर्मा, देवेंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, महेंद्र पाल गंगवार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने किया।



जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक में पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## सिटी डायरी

### एसआरएमएस सीईटी मे टेक व्योम 2026 का आयोजन आज



**बरेली, अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी (एसआरएमएस सीईटी) में तकनीकी महोत्सव 'टेकव्योम-2026' का आयोजन 23 अप्रैल गुरुवार को किया जाएगा जिसका विषय 'टेकवर्स : आधुनिक नवाचारों का एक ब्रह्मांड' है। टायरो क्लब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 50,000 रुपये तक की पुरस्कार राशि जीतने का अवसर मिलेगा। एसआरएमएस सीईटी के प्राचार्य डा. प्रभाकर गुप्ता ने कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों, नवप्रवर्तकों और तकनीकी उत्साही लोगों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने और नवीनतम तकनीकी प्रगति और नवाचारों को देखने के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव और उत्कृष्ट मंच प्रदान करता है। इसमे टेक गैलरी, रोबो युद्ध जैसे विभिन्न प्रकार के टेक इवेंट के साथ पूर्व छात्र मिलन समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन देव मूर्ति करेंगे। इसमें ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति, ट्रस्ट एडवाइजर इंजीनियर सुभाष मेहरा, प्राचार्य डा प्रभाकर गुप्ता, डायरेक्टर प्लेसमेन्ट डा. अनुज कुमार, चीफ प्रॉक्टर इंजीनियर विवेक यादव, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, ट्रस्ट इवेंट को-ऑर्डिनेटर राहुल भट्ट एवं सदफ रसूल, टायरो प्रेसिडेंट स्वास्तिक, टायरो सचिव प्राची शर्मा शामिल रहेंगे।

### महाकाली दरबार स्थापना दिवस पर भव्य दुर्गा जागरण



**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर स्थित महाकाली दरबार में स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार रात भव्य दुर्गा जागरण का आयोजन सनातन महाकाली एवं हनुमान मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में हुआ। हनुमान, भगवान शंकर, मां काली और मां गंगा की आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण रहीं। जिन्हें देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। सांसद छत्रपाल गंगवार, पर्यावरण एवं वन मंत्री अरुण कुमार, महापौर उमेश गौतम और कैंट विधायक संजीव अग्रवाल समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। वक्ताओं ने सनातन संस्कृति के संरक्षण और सामाजिक मूल्यों को मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को गंगा स्वच्छता, पारिवारिक मूल्यों की रक्षा और सामाजिक जागरूकता का संकल्प भी दिलाया गया। आयोजन को सफल बनाने में महंत अरविंद गुरु, संयोजक डॉ. रजनीश सक्सेना और सह-संयोजक प्रभु दयाल शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संचालन अपुल श्रीवास्तव ने किया। आयोजकों ने बताया कि गुरुवार सुबह छह बजे महाआरती और दोपहर 12 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### इनरव्हील क्लब ने रोपे बेलपत्र के पौधे

**बरेली, अमृत विचार :** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर इनर व्हील क्लब बरेली जुपिटर ने जनकपुरी पार्क में पौधरोपण किया। आरंभ भाजपा के वरिष्ठ नेता एड. अनिल कुमार ने बेलपत्र का पौधा लगाकर किया। क्लब के सदस्यों ने पार्क में 10 विभिन्न पौधे रोपे और उनकी उचित देखभाल का आह्वान किया। कपड़े के थैले भी वितरित किए गए। चार्टर प्रेसिडेंट रचना सक्सेना ने कहा कि पर्यावरण को संभालना हम सबकी जिम्मेदारी है। नीरू, निधि, पायल, झरना और किरण सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।




### करुणामयी किरपामयी, मेरी दयामयी राधे...



**बरेली, अमृत विचार :** श्री राधा संकीर्तन मंडल ट्रस्ट की ओर आयोजित श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर के स्थापना दिवस समारोह के तीसरे दिन बुधवार को श्री राधाबल्लभ श्री हरिवंश संकीर्तन परिवार के रसिक जनों ने अपनी मधुर वाणी से श्री जगन्नाथ स्वामी, बलभद्र जी व सुभद्रा मैया को रिझाया। धर्म ने करुणामयी कृपामयी, मेरी दयामयी राधे, ओ श्यामा प्यारी कुञ्ज बिहारी, श्री हरिदास दुलारी प्रस्तुत कर भक्तिमय माहौल कर दिया। संजीव ने करुणा भरी नजर से निहारो लाडली, अपना तो कह के मुझको पुकारो लाडली, फूलों में सज रहे हैं श्री वृंदावन बिहारी, दिलकश तेरा नक्शा है, सूरत तेरी प्यारी है जिसने भी तुझे देखा, वो जान पे वारी है आदि भजनों से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। अनुज अग्रवाल, राकेश गरगया, कीर्ति सिंह, शालिनी अग्रवाल, अनुराधा अग्रवाल, नीलम जायसवाल, देवेंद्र शर्मा, राजकुमार गर्ग, नम्रता गर्ग, अनिल मौर्य उपस्थित रहे।


# BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

विद्याफलम् परोपकाराय

## Accreditations, Affiliations & Approvals

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये University Grants Commission of India · Medical Council of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Where there is rural well being there is University Prosperity · Uttar Pradesh State Medical Faculty · NAAC

## ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
## CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted

**ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 01 | Diploma- Medical lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 02 | Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 03 | Diploma Radiology Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 04 | M.Sc. Medical Anatomy | MBBS, BDS, BAMS B.Sc. Nursing, B.Sc. Optom, B.Pharma, BPT, B.Sc. MLT, B.sc(Bio sc.) | 3 Year |
| 05 | M.Sc. Medical Biochemistry | | 3 Year |
| 06 | M.Sc. Medical Microbiology | | 3 Year |
| 07 | M.Sc. in Medical Pharmacology | | 3 Year |
| 08 | M.Sc. in Medical Physiology | | 3 Year |

**INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 09 | Diploma in Dental Hygenist | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| 10 | Diploma in Dental Mechanics | 10+2 (PCB) | 2 Year |

**BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 11 | D.Pharm/Diploma in Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 12 | B.Pharm/Bachelor of Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 13 | M.Pharm (Pharmaceutical Chem) | B.Pharm | 2 Year |
| 14 | M.Pharm (Pharmaceutics) | B.Pharm | 2 Year |
| 15 | M.Pharm (Pharmacology) | B.Pharm | 2 Year |
| 16 | M.Pharm (Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |

**FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 17 | Certification in Sanitation | 10+2(PCB/PCM) | 1 Year |
| 18 | Diploma in Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 19 | Diploma in X-Ray Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 20 | Diploma in Dialysis Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 21 | Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 22 | Diploma in MRI Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 23 | Diploma in Radiotherapy Technology | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 24 | Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2(PCB | 5 Year |
| 25 | Bachelor Operation Theater Technician (BOTT) | 10+2(PCB/PCM)) | 4 Year |
| 26 | Bachelor of Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 27 | B.Sc. in Medical Laboratory Technician (BMLT/BMLS) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 28 | B.Sc. in Optometry (B. Optom) | 10+2(PCB/PCM) | 5 Year |
| 29 | M.Sc. in Clinical Embryology | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 30 | Master of Physiotherapy (MPT) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 31 | Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

**ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 32 | B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 33 | Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| 34 | Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) (Post Graduate Residency Progam) | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 35 | M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 36 | M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing | | 2 Year |
| 37 | M.Sc. Nursing in Child Health Nursing | | 2 Year |
| 38 | M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing | | 2 Year |
| 39 | M.Sc. Nursing in Community Health Nursing | | 2 Year |
| 40 | GNM | 10+2 with English | 3 Year |
| 41 | ANM | 10+2 | 2 Year |

**BIU COLLEGE OF MANGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 42 | BBA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 43 | BBA (H) Finance & Taxation | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 44 | BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 45 | B. Com (Honors) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 46 | BCA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 47 | BCA (H) Information Technology & Multimedia | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 48 | BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 49 | BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear. | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 50 | BA (Journalism/Mass Communication) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 51 | BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 52 | BMM (H) Bachelor of Mass Media | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 53 | MJMC Master of Journalism & Mass Comm. | UG Any Stream | 2 Year |
| 54 | MHA (Master in Hospital Administration) | UG Any Stream | 2 Year |
| 55 | MPH (Master in Public Health) | UG Any Stream | 2 Year |
| 56 | MBA | UG Any Stream | 2 Year |
| 57 | MCA | UG Any Stream | 3 Year |
| 58 | M. Com | UG Any Stream | 2 Year |
| 59 | MA (Political Science) | UG Any Stream | 2 Year |
| 60 | MA (Journalism) | UG Any Stream | 2 Year |
| 61 | MA (Mass Communication) | UG Any Stream | 2 Year |
| 62 | MA (English) | UG Any Stream | 2 Year |
| 63 | MA (Psychology) | UG Any Stream | 2 Year |
| 64 | MA (Sociology) | UG Any Stream | 2 Year |

**FACULTY OF FORENSIC SCIENCES**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 65 | B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCM/PCB) | 3 Year |
| 66 | M.Sc Forensic Science | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

**FACULTY OF FINE ARTS**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 67 | Certificate in Photography | 10 Pass | 1 Year |
| 68 | Certificate in Cinematography | 10 Pass | 1 Year |
| 69 | Diploma in Cinematography (DIC) | 10 Pass | 2 Year |
| 70 | Diploma in Photography (DIP) | 10 Pass | 2 Year |
| 71 | Bachelor of Fine Arts (Film Making) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 72 | Bachelor of Fine Arts (Photography) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 73 | Master of Fine Arts (Photography) | UG Fine Arts | 2 Year |

**Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153**

Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

## सिटी ब्रीफ

### कॉलेज में पांच वाटर कूलर से छात्रों को मिलेगा ठंडा पानी

**बरेली, अमृत विचार** : बरेली कॉलेज में पेयजल समस्या को लेकर कर प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने प्रबंध समिति से समस्या का निराकरण करने के लिए कहा था। बुधवार को पांच वाटर कूलर पहुंचे और इन्हें लगाने का कार्य भी शुरू हुआ। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि कंट्रोल रूम, प्रॉक्टर ऑफिस, बीबीए-बीसीए व बीएड विभाग के अलावा प्राचार्य कार्यालय में लगाए जाएगें। विद्यार्थियों को ठंडा व स्वच्छ पानी के लिए परेशान नहीं होना होगा।

### सीएमओ ने किया संवेदनशील गांवों का निरीक्षण

**बरेली, अमृत विचार** : सीएमओ डा. विश्राम सिंह ने बुधवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की प्रगति का निरीक्षण किया गया। वह बिथरी चैनपुर के अति संवेदनशील गांव चैना मुरारपुर एवं रूपापुर गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मल्लपुर का भी निरीक्षण किया। सीएमओ ने मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिए साप्ताहिक एंटीलार्वा छिड़काव एवं फॉगिंग कराने के निर्देश एडीओ पंचायत, ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी को दिए गए। उन्होने ग्रामीणों को फुल बांह के कपड़े पहनने, मच्छरदानी में सोने, घर के आसपास जलजमाव न होने देने, साफ-सफाई रखने, बुखार आने पर तत्काल जांच कराने एवं चिकित्सक द्वारा दी गई दवा का पूरा कोर्स लेने हेतु जागरूक किया गया।

# पहलगाम हमले के शहीदों को कैंडल मार्च निकालकर दी गई श्रद्धांजलि

## रुहेलखंड विश्वविद्यालय में विचार गोष्ठी, छात्रों ने एकता और शांति का लिया संकल्प



कैंडल मार्च निकालते अभाविप के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार


संघ के कार्यालय में मोमबत्ती जलाकर दी गई श्रद्धांजलि। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय इकाई ने पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में विचार गोष्ठी आयोजित कर कैंडल मार्च निकाला। छात्र-छात्राओं ने हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और कार्यकर्ता शामिल हुए। महानगर उपाध्यक्ष डॉ. अजीत सिंह ने कहा कि आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा शत्रु है और इसका कोई धर्म या जाति नहीं होता। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं समाज में भय और अस्थिरता फैलाने का प्रयास करती हैं, इसलिए युवाओं को जागरूक होकर शांति और सद्भाव बनाए रखने में भूमिका निभानी चाहिए।

प्रदेश मंत्री आनंद कठेरिया ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अफवाहों से बचें और सामाजिक एकता को मजबूत करें। कैंडल मार्च के दौरान परिसर में देशभक्ति और एकता का माहौल देखने को मिला। अंत में महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को नमन किया गया और देश की एकता बनाए रखने का संकल्प लिया गया। इस दौरान महानगर संगठन मंत्री अरुण सूर्यवंशी, विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष दीपांशु चौधरी, ऋषभ बेनीवाल, तरुण, आदित्य, निशांत, कौशलेंद्र, सूर्य, प्रियांश सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### पहलगाम हमले की बरसी पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**बरेली, अमृत विचार** : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय केशव कृपा पर बुधवार को पहलगाम हमले की पहली बरसी पर आतंकी हमले में शहीद हुए 26 लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम आयोजक डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी ने देश के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने की अपील की। भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने कहा कि भाजपा की नीतियों के चलते कश्मीर घाटी में आतंकी घटनाएं खत्म हो चुकी हैं। संघ के वरिष्ठ प्रचारक किशन चंद्र ने कहा कि समाज में दो विचारधाराएं होती हैं। पहली मैं भी, तुम भी, हम भी की सोच के साथ सबको साथ लेकर चलते हुए देश को प्रगति की ओर ले जाती है। दूसरी मैं ही की सोच रखती है, जो अन्य धर्म-मत या संप्रदायों को समाप्त करने की बात करती है। ऐसे लोग ही समाज के लिए घातक हैं।

## नई सोच, नए सरोकार

# अमृत विचार की क्लास में बाल मन के सवाल, नौनिहाल करेंगे कमाल

**बरेली।** नई सोच और नए सरोकार के साथ 'अमृत विचार' स्कूल-स्कूल ज्ञान प्रवाह को गति देने में जुटा है। विद्यालयों में प्रार्थना सभा हों या क्लास, संपूर्ण अखबार की पहचान और रोज के समावेशी ज्ञान से जुड़े बालमन के सवाल भी खूब फूट रहे हैं। स्टूडेंट समाचार संकलन, प्रिंटिंग और वितरण के बारे में जानकारी सहेज रहे हैं और रोज समाचार पत्र पढ़कर अपने ज्ञान की ताकत बढ़ाते जाने के संकल्प ले रहे हैं।



### डा. सुशीला गिरीश बालिका इंटर कॉलेज

**बरेली।** बांके की छावनी में स्थित डा. सुशीला गिरीश बालिका इंटर कॉलेज में बुधवार को अमृत विचार की टीम से संदीप सिंह और सुमित शर्मा पहुंचे। उन्होने छात्राओं को अखबार के दैनिक जीवन में उपयोग और प्रतियोगी परीक्षा में सहायक की भूमिका के बारे में बताया। छात्राओं ने अखबार प्रिंटिंग कैसे होती है, न्यूज कैसे कलेक्ट की जाती है के बारे में सवाल पूछे। छात्राओं ने समाचार पत्र पाठन करके लेखों को पढ़कर बताया। आरोही, रितिका पलक, मनोरमा, कनक, लक्ष्मी, नीतू मौर्य आदि ने भी ज्ञानवर्धक सवाल पूछे। विद्यालय की ओर से रविनंदन सक्सेना, रत्नेश सक्सेना, हरीश गंगवार, राजीव गुप्ता, आध्या चौहान, अकांक्षा, शीतल, रश्मि, प्रियंका सक्सेना, विनीता आदि शिक्षकों ने सहयोग किया।


"अखबार पढ़ने की आदत बहुत महत्वपूर्ण होती है। अखबार दैनिक जीवन में एक अध्यापक की भूमिका का भी निर्वहन करता है। छात्र-छात्राओं को समसामायिक, जनरल नॉलेज प्राप्त करने में अखबार की बड़ी भूमिका रहती है। अमृत विचार परिवार के उम्दा कदम की सराहना जितनी की जाए वह कम है।
– **कृति कुदेशिया**, प्रधानाचार्य

### प्रभात पब्लिक स्कूल हा. से. स्कूल में छात्रों ने पढ़ा अमृत विचार

प्रभात नगर में स्थित प्रभात पब्लिक स्कूल हा. से. स्कूल में बुधवार की सुबह अमृत विचार की टीम पहुंची। टीम का नेतृत्व रुपेन्द्र मौर्य और अनुपम सक्सेना ने किया। अमृत विचार की टीम ने छात्रों को अखबार प्रकाशित होने की जानकारी दी। 10 वी कक्षा के छात्र उद्घोष, आदित्य सिंह ने प्रार्थना सभा में अमृत विचार अखबार पढ़कर सुनाया। जिससे छात्र छात्राओं में समाचार पढ़ने की प्रवृत्ति जारी हुई। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक शिशु पाल गिरी, शिक्षक संजय सक्सेना, पुन्नी भारती, सोनी आदि का सहयोग रहा। इसके अलावा छात्र-छात्राओं में नमन, पंखुड़ी, रिद्धिमा, इल्मा खान समेत अन्य छात्राए मौजूद रहे।


"अमृत विचार की टीम का धन्यवाद करती हूं कि स्कूलों में जाकर बच्चों में अखबार पढ़ने की आदत विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। अखबार बच्चों के भविष्य निर्माण में बड़ी भूमिका निभाता है इसलिए नियमित पढ़ा जाना चाहिए। अमृत विचार का यह अभियान सराहनीय है।
– **विनीता सिंह**, प्रधानाचार्य




अगर आप भी जुड़ना चाहते हैं इस मुहिम से तो संपर्क करें - editorschoice@amritvichar.com

# हज यात्रियों की रवानगी जारी दुआओं के साथ किया विदा


हज यात्रियों को रवाना करते परिजन। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली से हज यात्रियों की रवानगी का सिलसिला जारी है। बरेली हज सेवा समिति के संस्थापक पम्मी वारसी के अनुसार, 21 अप्रैल की फ्लाइट से 35 हज यात्री मदीना पहुंच चुके हैं, जबकि 22 अप्रैल को भी हज यात्रियों का जत्था दिल्ली एयरपोर्ट के लिए रवाना हुआ, जहां से वे मदीना के लिए उड़ान भरेंगे।

22 अप्रैल की फ्लाइट में नवाबगंज, बहेड़ी, रिछा और बरेली के कुल 16 हज यात्री शामिल हैं। परिजनों ने नम आंखों से फूलों के हार पहनाकर उनका इस्तकबाल किया और दुआओं के साथ विदा किया। इस वर्ष बरेली से कुल 695 हज यात्री हज यात्रा पर जा रहे हैं।

# टीबी मुक्त भारत पर जागरुकता व्याख्यान आयोजित

**बरेली, अमृत विचार:** फैकल्टी ऑफ एलाइड एंड हेल्थ केयर साइंसेज़, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में टीबी मुक्त भारत विषय पर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने बताया कि समय पर जांच और नियमित उपचार से टीबी पूरी तरह ठीक की जा सकती है। उन्होंने समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की। सहायक प्राध्यापक सुजाता कटियार, महिमा तिवारी, शिखा कुमारी, गुलाफशा सैफी, डॉ. सुम्बुल खान और एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर अंकित कुमार मौजूद रहे। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने टीबी मुक्त भारत की शपथ ली। कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने इस पहल की सराहना की।

# स्टेडियम में वाटर कूलर खराब, खिलाड़ी परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** स्पोर्ट्स स्टेडियम में पेयजल व्यवस्था चरमरा गई है। वाटर कूलर दो दिन से खराब है। स्टेडियम में अभ्यास करने आने वाले खिलाड़ियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रतिदिन क्रिकेट, हॉकी, वालीबॉल, बास्केटबॉल सहित अन्य खेलों के खिलाड़ी अभ्यास के लिए पहुंचते हैं। स्टेडियम में दो वाटर कूलर में एक दो दिन से खराब है। खिलाड़ियों को अभ्यास बीच में छोड़कर पानी की तलाश में जाना पड़ रहा है। कई खिलाड़ी घर से पानी की बोतल लाने को मजबूर हैं। खिलाड़ियों का कहना है कि बार-बार प्यास लगने पर पानी लेने जाने से अभ्यास से ध्यान भटकता है। कार्यवाहक आरएसओ विरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वाटर कूलर जल्द सही कराया जाएगा।



● **अभ्यास छोड़ पानी के लिए भटक रहे खिलाड़ी**

**आवश्यकता है**

- **नर्स** ANM/GNM
- **पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट** (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- **रसोइया/कैंटीन कुक/कैंटीन हेल्पर**
- **वार्ड बॉय/वार्ड आया**

**रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
**मो. +91-8077808309, 9837357497**

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

**Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2026 session in the following disciplines**

- **Faculty of Medical Sciences** (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- **Faculty of Pharmacy**
- **Faculty of Dental Sciences** (All Specialities)
- **Faculty of Management**

**Application Fee**
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

**Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026**

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit university website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

# होमगार्ड परीक्षा में 52 हजार से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल

कार्यालय संवाददाता बरेली

● **25 26 और 27 अप्रैल को होगी परीक्षा, 900 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात**

**अमृत विचार** : उर्स के दौरान ही 25, 26 और 27 अप्रैल को होमगार्ड भर्ती परीक्षा होगी जिसमें 52000 से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। शांतिपूर्ण परीक्षा करने के लिए 900 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

अन्य जनपदों से बरेली आने वाले अभ्यर्थियों में जनपद बदॉयू से 1878, हरदोई से 14658, खीरी से 13545, पीलीभीत से 1531, शांजहापुर से 1982 से सीतापुर 4229, फर्रुखाबाद 14593 समेत कुल अभ्यर्थी 52416 शामिल होंगे. परीक्षा को लेकर शहर को तीन सुपर जोन, पांच जोन और 13 सेक्टर जोन में बांटकर 950 अधिकारी और पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को एडीजी, कमिश्नर और अन्य अधिकारियों ने बैठक करके उर्स और परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर दिशा निर्देश दिए हैं।

# फुटबॉल टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल की तस्वीर साफ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट सीजन-2 में बुधवार को खेले गए मुकाबलों के बाद क्वार्टर फाइनल की तस्वीर साफ हो गई। एसआर इंटरनेशनल स्कूल, चाइल्ड केयर बिशप कॉनराड स्कूल, हार्टमैन कॉलेज और आर्मी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग ने जीत दर्ज कर अंतिम-8 में जगह बना ली। इससे पहले डीपीएस, सोबती पब्लिक स्कूल, कृष्णा पब्लिक स्कूल और आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग पहले ही क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुके थे।

पहले मुकाबले में एसआर इंटरनेशनल ने बेदी इंटरनेशनल स्कूल को 4-2 से हराया। हमजा ने तीन गोल दागे। दूसरे मैच में चाइल्ड केयर और विद्या वर्ल्ड स्कूल के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। निर्धारित समय तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। टाईब्रेकर में चाइल्ड केयर ने 3-2 से बाजी मार ली। तीसरे मुकाबले में हार्टमैन कॉलेज ने सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल को 3-0 से एकतरफा शिकस्त दी। अंतिम मैच में आर्मी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग ने जीआरएम स्कूल को 2-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबले गुरुवार को खेले जाएंगे। पहले मैच में डीपीएस का सामना सोबती पब्लिक स्कूल से होगा। अन्य मुकाबलों में एपीएस सीनियर विंग बनाम कृष्णा पब्लिक स्कूल, चाइल्ड केयर बनाम एपीएस जूनियर विंग और हार्टमैन कॉलेज बनाम एसआर इंटरनेशनल स्कूल आमने-सामने होंगे।


जीत के लिए जूझते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

● **एसआर, चाइल्ड केयर, हार्टमैन और एपीएस जूनियर विंग ने अंतिम आठ में बनाई जगह**

### गज ग्रीन चैलेंजर्स जीपी कॉर्पोरेट क्रिकेट लीग के फाइनल में

**बरेली, अमृत विचार** : निशांत पटेल स्पोर्ट्स हब के खेल मैदान पर खेले जा रहे जीपी कॉर्पोरेट क्रिकेट लीग के पहले सेमीफाइनल में बुधवार को गज ग्रीन चैलेंजर्स ने महादेव स्ट्राइकर्स को हराया। महादेव स्ट्राइकर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। गज ग्रीन चैलेंजर्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सभी विकेट खोकर 179 रन बनाए। टीम की ओर से शुभम कौशिक ने सर्वाधिक 37 रन बनाए। आशीष दुबे ने 35 रनों का योगदान दिया। महादेव स्ट्राइकर्स की टीम 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 175 रन ही बना सकी। सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन के लिए अमित को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# बीआईयू के छात्र-छात्राओं ने खंडेलवाल एडिबल ऑयल में की इंडस्ट्रियल विजिट

**बरेली, अमृत विचार:** बीआईयू कॉलेज ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म एवं बीआईयू कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं ने खंडेलवाल एडिबल ऑयल (केईओ) फरीदपुर में इंडस्ट्रियल विजिट की। छात्र-छात्राओं ने मार्केटिंग, सेल्स, प्रोडक्शन, पैकिंग आदि की जानकारी ली।

विद्यार्थी सलोनी गुप्ता, यांका गंगवार व शिवांशु (बीए मास कम्यूनिकेशन), हर्षित पटेल, हिमेश कुमार, सना फातिमा जैनब फातिमा, प्रिया झा, नितिन, अकबर हुसैन व अभिनव (बीबीए-फाइनेंस - टैक्सेशन), रूबी नूर, विकास पटेल, व विकेश (बीकॉम- ऑनर्स), प्रिंस राठोर, लक्ष्य वर्मा, अंशु मौर्य के अलावा शिक्षक शिवओम शंखधार, शिवानी मिश्रा, छवि पाल, शिवम मिश्रा व पूजा गंगवार शामिल रहे। प्राचार्य डॉ सुनील कुमार सिंह, कुलपति डॉ लता अग्रवाल एवं कुल सचिव डॉ सुशील कुमार ठाकुर ने उत्साहवर्धन किया। दिलीप खंडेलवाल, (सीईओ), विनोद सिंह (एसिस्टेंट इंजीनियर), वी के शर्मा (एडमिन हेड), अमित शर्मा (हेड-ह्यूमन रिसोर्सेस) आदि ने मार्गदर्शन दिया।


खंडेलवाल एडिबल ऑयल फैक्ट्री में शिक्षक व छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

# 200 छात्रों को दी जाएगी नीट इंजीनियरिंग की फ्री कोचिंग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **फरमान मियां बोले- जरूरतमंदों के ऑपरेशन भी कराएंगे**

**अमृत विचार:** दो रोजा उर्स ए ताजुश्शरिया की शुरुआत 24 अप्रैल से हो रही है। उर्स से पहले दरगाह आला हजरत से बड़ी घोषणा हुई है। जमात रजा-ए-मुस्तफा और आला हजरत ताजुश्शरिया सोसाइटी की ओर से 200 होनहार छात्रों को नीट और इंजीनियरिंग की मुफ्त कोचिंग दी जाएगी। इसके साथ ही जरूरतमंद मरीजों के ऑपरेशन भी कराए जाएंगे।

जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव और आला हजरत ताजुश्शरिया सोसाइटी के संस्थापक फरमान हसन खान उर्फ फरमान मियां ने बताया कि नीट व इंजीनियरिंग की कोचिंग के साथ-साथ कक्षा 6 से 12 तक के यूपी बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड के जरूरतमंद छात्रों के लिए डेल्टा क्लासेज में रजिस्ट्रेशन 23 अप्रैल से 15 मई तक होंगे।

### परचम कुशाई से होगा उर्स का आगाज

उर्स-ए-ताजुश्शरिया के मौके पर परचम कुशाई, तकरीर उलेमा-ए-इकराम, कॉन्फ्रेंस और कुल शरीफ काजी ए हिंदुस्तान असजद रजा खान असजद मियां की सरपरस्ती वा उर्स प्रभारी सलमान मियां व फरमान मियां की निगरानी में अदा किए जाएंगे। अब्दुल्ला रजा, शमीम अहमद, मेहंदी हसन, हाफिज अकरम, मौलाना शम्स, मौलाना इंतजार, मौलाना आरिफ, हाफिज तौसीफ, जफर बेग, सूफी अबरार नूरी आदि मौजूद रहे।